St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Text: (2nd Term) **(Answer Worksheet -14)** **Date: 17.09.2020**
Topic: न्याय मंत्री **Class -4**

निम्न प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 संध्या के समय शिशुपाल के घर में क्या हुआ ?

उ- संध्या का समय था | चारों ओर अँधेरा हो गया था | ऐसे समय किसी ने शिशुपाल का दरवाजा खटखटाया | शिशुपाल के पूछने पर उसने कहा कि वह एक परदेसी है | उसे रात काटने के लिए जगह चाहिए | शिशुपाल ने उसे अपने घर में जगह दी |

2 परदेसी मुग्ध क्यों हो गया ?

उ- परदेसी के दरवाजा खटखटाने पर शिशुपाल ने दरवाजा खोला | उसके सामने एक नवयुवक खड़ा था | शिशुपाल ने मुस्कुराकर उसका स्वागत किया | उन्होंने कहा कि अतिथि के चरणों से उनका घर पवित्र हो जायेगा | शिशुपाल के पुत्र ने परदेसी का खूब आदर - सत्कार किया ,जिससे वह मुग्ध हो गया |

3 शिशुपाल के लिए खुली चुनौती क्या थी ?

उ - भोजन के बाद शिशुपाल और परदेसी में देश की अव्यवस्था पर बात होने लगी | शिशुपाल ने कहा कि देश में जो अन्याय हो रहा है , उससे उनका खून खौल उठता है | परदेसी चिढ़कर बोले कि दोष निकालना तो आसान है , पर कुछ करके दिखाना कठिन होता है | शिशुपाल के लिए यह एक खुली चुनौती थी |उन्होंने कहा कि उन्हें अवसर मिले तो वह सही न्याय करके दिखा देंगे |

4 सिपाही के आने से शिशुपाल क्यों सहम गए ?

उ- परदेसी शिशुपाल से विदा लेकर चल गया | उसके कुछ दिनों के बाद उनका घर पूछते हुए कुछ सिपाही आए | उन्होंने शिशुपाल से दरबार में चलने के लिए निवेदन किया | शिशुपाल समझ नहीं पा रहा था कि सम्राट ने उन्हें क्यों बुलाया है ? उन्होंने सोचा कि उस परदेसी ने तो सम्राट से उसकी शिकायत तो नहीं कर दी ? यह सोचकर शिशुपाल सहम गए |

Poonam Mehra